मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 36
अंक : 114
भोपाल, सोमवार
16 जून 2025
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 दुनिया को विनाश से बचाना हे तो अहिंसा दया और क्षमा...

हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने इतिहास में... 06

जबलपुर के बेलखेड़ा में आज आयोजित होगा राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन

## लाड़ली बहनों को सीएम देंगे सौगात 1551 करोड़ की राशि करेंगे ट्रांसफर

### 22.44 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी होंगे

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की 1551.44 करोड़ रुपये की 25वीं किस्त सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इस योजना के अंतर्गत हर बहन को प्रति माह 1250 रुपये मिलते हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 39.14 करोड़ रुपये, और संबल योजना के अंतर्गत 6,821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी अंतरण करेंगे। डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही लगभग 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। इनमें 15 करोड़ 09 लाख रुपये की लागत के पाँच निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 7 करोड़ 43 लाख रुपये के तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।



सम्मेलन में जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा उनमें बरगी विधानसभा क्षेत्र के घाट पिपरिया में 4 करोड़ 18 लाख 08 हजार रुपये से निर्मित आदिवासी कन्या छात्रावास भवन, शहपुरा आईटीआई में 2 करोड़ 89 लाख 44 हजार से नवनिर्मित भवन, बेलखेड़ा में 4 करोड़ 47 लाख 93 हजार रुपये से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया कला में 2 करोड़ 95 लाख 45 हजार से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में 50 लाख रुपये से बना भवन शामिल है।

पचमढ़ी में बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हुए शामिल, सीएम ने किया स्वागत

इधर, पचमढ़ी में बीजेपी के विधायकों और सांसदों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज तीसरे दिन समापन होने जा रहा है। होटल ग्लेन व्यू में चल रहे इस प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। राजनाथ के पचमढ़ी पहुंचने पर हैलीपेड पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी आगवानी कर स्वागत किया।

इससे पहले कल नेताओं के संयमित संवाद, कार्यशैली और सामाजिक शिष्टाचार पर विशेष ध्यान दिया गया। विधायकों-सांसदों को सोच समझकर बोलने की नसीहत दी गई। आज भी सांसद विधायक मौजूद हैं।



**पचमढ़ी में सीएम मोहन यादव ने विधायकों के साथ किया योगाभ्यास :** सुबह के समय आयोजित इस विशेष योग शिविर में सीएम का यह प्रदर्शन देखकर उपस्थित विधायक हैरान रह गए और उनकी फिटनेस की सराहना की। सीएम के इस प्रदर्शन ने उनकी फिटनेस और समर्पण को उजागर किया।

## संक्षिप्त समाचार



### राजकोट में विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार आज

**अहमदाबाद।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार आज यानी सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में किया जाएगा। रूपाणी का निधन 12 जून को एअर इंडिया विमान हादसे में हुआ था। इस हादसे में 274 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। राजकोट में रूपाणी की अंतिम यात्रा निकलने वाली है, इसके लिए राज्य भर से सभी वीआईपी का आवागमन यहां होने वाला है। रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी अपने बेटे ऋषभ रूपाणी के साथ अहमदाबाद सिविल अस्पताल के शवगृह पहुंचीं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सिविल अस्पताल के शवगृह परिसर पहुंचे। सिविल अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने कहा कि सिविल अस्पताल में लाए गए शवों में से 92 का डीएनए मिलान पूरा हो गया है। 87 व्यक्तियों का ही डीएनए मिलान हुआ है, क्यों कि कई कुछ सैंपल डुप्लीकेशन वाले थे। यहां से 47 शव खेड़ा, अहमदाबाद, कोटा, महेसाणा, भरूच, वडोदरा, अरावली, आनंद, जूनागढ़, भावनगर, अमरेली, महिसागर और भावनगर भेजे गए हैं।

### पुणे में पैसेंजर ट्रेन के कोच में आग लगी; कोई घायल नहीं

**पुणे।** महाराष्ट्र के दौंड से पुणे आ रही डेमू ट्रेन में आग लग गई। यह हादसा सुबह 7 बजे हुआ। ट्रेन के टॉयलेट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। आग लगने के वक्त एक व्यक्ति टॉयलेट में फंसा हुआ था। दरवाजा लॉक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। जैसे ही यात्रियों ने उसकी आवाज सुनी और धुआं उठता देखा, कुछ लोगों ने तुरंत टॉयलेट का दरवाजा तोडकर उसे बाहर निकाल लिया।

इजरायल और ईरान के बीच मिसाइल अटैक तेज

# ईरान के विदेश मंत्रालय पर अटैक, अब तक 224 की मौत

तेहरान/तेल अवीव ■ एजेंसी

ईरान और इजराइल के बीच चौथे दिन भी लड़ाई जारी है। इजराइल ने रविवार रात ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया। इसमें 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे एक दिन पहले इजराइली सेना ने ईरानी रक्षा मंत्रालय पर भी हमला किया था। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 224 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। ईरान ने भी इजराइल पर पलटवार किया है। ईरान ने सोमवार सुबह सेंट्रल इजराइल में 4 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 90 घायल हुए। सोमवार की सुबह यरुशलम में जोरदार धमाके हुए। यह घटना तब हुई जब इजरायल की सेना ने ईरान की ओर से नए मिसाइल हमले की चेतावनी दी और लोगों को अगली सूचना तक सुरक्षित रहने की सलाह दी। अब तक इजराइल में ईरानी हमलों में 20 लोग मारे गए हैं, जबकि करीब 500 घायल हुए हैं।

हमलों ने आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाया, नागरिकों को मार डाला और घायल कर दिया। दुनिया भर के नेताओं ने युद्ध में उलझे इन दो दुश्मन देशों के बीच के संघर्ष के पूरे मिडिल ईस्ट क्षेत्र में फैलने की चिंता जाहिर की है और दोनों से तनाव कम करने का आह्वान किया है। इससे पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को संकेत दिया कि इजरायल ने हवाई हमले में ईरान के खुफिया प्रमुख मोहम्मद काजमी को मार दिया है। नेतन्याहू ने इज़रायल में एक अज्ञात स्थान से फॉक्स न्यूज़ को दिए साक्षात्कार में कहा, कुछ ही समय पहले, हमने तेहरान में मुख्य खुफिया अधिकारी और उनके डिप्टी को भी देखा है। उन्होंने आगे कहा, हमारे बहादुर पायलट तेहरान के आसमान पर हैं, और हम सैन्य स्थलों, परमाणु स्थलों को निशाना बना रहे हैं।

### ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार- 5 मरे, 67 घायल

*ईरान में इजरायली हमले में 2 कश्मीरी छात्र घायल, 10,000 भारतीयों को किया जाएगा रेस्क्यू*

- तेल अवीव में अमेरिकी दूतावास को भी पहुंचा नुकसान
- सुबह यरुशलम में जोरदार धमाके



### नागरिकों पर हमले के लिए ईरान के नागरिकों को चुकानी पड़ेगी कीमत: इजरायल

इजरायल के रक्षा मंत्री ने चेतावनी दी कि ईरान इजरायल के नागिरकों पर हमला कर रहा है और इसकी कीमत तेहरान के निवासियों को चुकानी पड़ेगी। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, तेहरान का घमंडी तानाशाह एक कायर हत्यारे में बदल गया है, ईरान नागरिक घरेलू मोर्चे पर गोलीबारी कर रहा है जो उसकी क्षमताओं को कमजोर कर रहा है... तेहरान के निवासी इसकी कीमत चुकाएंगे।

### ईरानी राष्ट्रपति ने फिर कहा कि तेहरान परमाणु हथियार नहीं चाहता

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि ईरान का परमाणु हथियार विकसित करने का इरादा नहीं है, लेकिन वह इस अधिकार को पाकर रहेगा।

### फंसे भारतीय छात्रों को बार्डर से निकालेगा भारत

इजरायल से जंग के बीच ईरान में फंसे भारतीयों को सकुशल बाहर निकाला जाएगा। इसके लिए भारत सरकार ऑपरेशन शुरू करने जा रही है। ईरान सरकार ने भारतीयों सहित विदेशी नागरिकों को सुरक्षित उनके मुल्क भेजने पर सहमति जता दी है। ईरान में फिलहाल 10 हजार भारतीय हैं, जिनमें एक बड़ी संख्या भारतीय छात्रों की है, जो ईरान के विभिन्न मेडिकल और धार्मिक संस्थानों में पढ़ाई कर रहे थे। इन्हें अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान बॉर्डर के जरिए बाहर निकाला जाएगा। तेहरान ने ईरान से छात्रों को निकालने के भारत के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि, हवाई अड्डे बंद हैं लेकिन सभी भूमि सीमाएं खुली हैं।

*जनगणना की अधिसूचना जारी*

## देश में पहली बार डिजिटल जनगणना, 16 भाषाओं में मोबाइल एप का उपयोग

नई दिल्ली ■ एजेंसी

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी। इसके लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को जनगणना कराने की तैयारियों की समीक्षा की थी। उन्होंने केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महापंजियन एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी।



**34 लाख गणक और सुपरवाइजर जुटेंगे**

देश में पहली बार जनगणना के लिए पारंपरिक कागज और कलम के बजाय इस बार की जनगणना इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल एप) के जरिए की जाएगी। इसके लिए मोबाइल एप तैयार किए जाएंगे और उसी में जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी एकत्र की जाएगी। एप 16 भाषाओं में उपलब्ध होंगे। गृह मंत्री शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था, 16वीं जनगणना में पहली बार जाति गणना शामिल होगी। 34 लाख गणक और सुपरवाइजर, 1.3 लाख जनगणना पदाधिकारी आधुनिक मोबाइल और डिजिटल उपकरणों के साथ यह कार्य करेंगे।

### दो चरणों में की जाएगी जनगणना

जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एचएलओ) में प्रत्येक परिवार की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) में प्रत्येक घर के हर व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किए जाएंगे।

## अंतर्मना उवाच

***रोज खुश और प्रसन्न रहना चाहते हो तो, सुबह उठकर अपना चेहरा दर्पण में देखो, और खुद को देखकर मुस्कुराओ..!***

*आप अपनी सुबह की शुरूआत इस छोटे से कार्य से कर सकते हैं।* ***जब सोकर उठो तो माता पिता, गुरू और प्रभु को धन्यवाद दो। फिर अपने आप से कहो कि मैं सौभाग्यशाली हूँ जो मुझे मनुष्य जीवन मिला, अच्छे माता-पिता, धर्म और गुरु की शरण मिली। अन्यथा मैं जन्मों जन्मों से भटक रहा था।*** *जन्म तो मिल रहा था लेकिन ना दिशा थी, ना बोध। मनुष्य जीवन में दिशा भी है, बोध भी है और अच्छा बुरा करने का विवेक भी है। इसलिए* ***मनुष्य जीवन में कोई भी कार्य करो, तो कार्य करने के पहले उसके अंजाम को देख लो फिर वह कार्य करो।*** *जैसे-*



*गाली गलौच का अंजाम क्या होगा ..?*
*मिर्ची ज्यादा खाने से अंजाम क्या होगा ..?*
*गलत करने का अंजाम क्या होगा ..?*

***10 मिनट विचारों से मुक्त होकर अपने आप को देखो, खुद से प्रेम करो और खुद की आवाज सुनो.. फिर खुद से कहो- अब ढोंग की नहीं, ढंग की जिंदगी जीना है। दूसरों को नहीं, अब खुद को संभालना है।***

*दुनिया को संभालते और समझाते-समझाते दांत ढ़ीले हो गये, आँखे मिचमिची हो गई, कान बहरे हो गये, हाथ-पैर लड़खड़ा गये लेकिन परिवर्तन नहीं आ पाया।* ***अब स्वयं से शुरुआत करो दिन और परिवर्तन की... वो ऐसा है, वो वैसा है ये सब छोड़ो, ये देखो मैं कैसा हूँ...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

मलबे में दबे लोगों को निकलने की कोशिश

## उप्र: पटाखा फैक्टरी में धमाका 6 लोगों की मौत, कई घायल

अमरोहा ■ एजेंसी

अतरासी गांव के जंगल में चल रही पटाखा फैक्टरी में अचानक धमाका हो गया। तेज धमाके के साथ फैक्टरी की बिल्डिंग और टीनशेड ध्वस्त हो गई। मलबे में दबाकर 6 लोगों की मौत जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी जांच में जुट गए हैं। मलबे के नीचे दबे मजदूरों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले एक मई को गांव भावली में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया था। इसकी चपेट में



आकर एक बच्चा झुलस गया था। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। बताया गया कि पिछले कई माह से रहरा क्षेत्र के गांव भावली में नदी के पास एक मकान में अवैध रूप से पटाखा फैक्टरी का संचालन हो रहा था। इसमें फुलझड़ी से लेकर कई तरह के पटाखों की पैकिंग व निर्माण कराया जा रहा था।

## इंदौर में फिर मिले 10 कोरोना संक्रमित मरीज

इंदौर ■ अमृत दर्शन

यहां कल 10 कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ये सभी इंदौर के हैं। इनके सहित इस साल अब तक 122 कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इनमें से 110 मरीज इंदौर के हैं जबकि 12 दूसरे शहरों के हैं। अभी एक्टिव केस 69 हैं। इनमें से 66 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। सभी की हालत ठीक है और हल्के लक्षण हैं। तीन मरीज अन्य बीमारियों के चलते प्राइवेट अस्पताल में एडमिट हैं। शहर में कोरोना मरीजों की संख्या में पिछले 24 दिन में तेजी से इजाफा हुआ है। स्थिति यह है कि अब हर रोज औसतन 4 मरीज मिल रहे हैं। शनिवार को भी कोरोना के 8 नए मरीज मिले हैं। ये सभी इंदौर के हैं। राहत वाली बात यह है कि सभी में हल्के लक्षण हैं। । 23 मई से शुरू हुआ यह सिलसिला अभी भी जारी है। लगभग हर दिन कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए जा रहे हैं।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर में तकनीकी समस्या

## हांगकांग-दिल्ली एअर इंडिया की फ्लाइट वापस लौटी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

हांगकांग से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 315 को बीच उड़ान में ही तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद वापस अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की ओर से संचालित यह फ्लाइट एआई 315 हांगकांग से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में ऐसा ही एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस दौरान विमान में सवार 242 लोगों में 241 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले रविवार को लंदन के हीथ्रो हवाइ अड्डे से चेन्नई (भारत) के लिए रवाना हुई



ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान बीए35 ने उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद तकनीकी दिक्कत महसूस की। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर दोपहर 1:16 बजे पर 36 मिनट की देरी से उड़ा, लेकिन लगभग 15,000 फीट की ऊंचाई पर पायलटों ने फ्लैप सिस्टम में गड़बड़ी के संकेत पाए। सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत होल्डिंग पैटर्न में घुमते हुए कई चक्कर लगाए।

### लखनऊ में सऊदी के विमान के पहियों से धुआं निकलता देखा गया

इससे पहले 15 जून की सुबह जेद्दा से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरे सऊदी अरब के एक विमान के पहियों से धुआं निकलता हुआ देखा गया। विमान बचाव और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। सऊदी अरब की टीम के साथ मिलकर धुएं को नियंत्रित किया गया और विमान को किसी भी अनहोनी से बचाया गया।

लगातार छठी बार भारत जी 7 में अतिथि देश के रूप में हो रहा शामिल

# आज कनाडा पहुंचेंगे पीएम मोदी, व्यापार जंग के बीच जुटेंगे दिग्गज

### भारत ऊर्जा, सुरक्षा, नवाचार, नई तकनीकों, जैसे कि एआई, क्वांटम के बारे में बात करेगा



टोरंटो ■ एजेंसी

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में ग्रुप ऑफ सेवन शिखर सम्मेलन के लिए पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आज ही कनाडा पहुंचेंगे। सम्मेलन पर इस्राइल-ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से छेड़े गए व्यापार युद्ध का साया मंडरा रहा है। ईरान पर इस्राइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने दुनिया में अस्थिरता का डर पैदा कर दिया है। ट्रंप ने हाल के दिनों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारने की इस्राइली योजना को वीटो कर दिया था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि उन्होंने ट्रंप और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य विश्व नेताओं के साथ संकट को कम करने के प्रयासों पर चर्चा की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में गहन चर्चा जारी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी के कनाडा आगमन से पहले भारतीय समुदाय के सदस्य मनीष मिश्रा ने कहा कि पिछले 2 साल में हुई घटनाओं ने कुछ दरारें पैदा कीं, लेकिन अब मार्क कार्नी प्रधानमंत्री हैं। उनका नजरिया बिल्कुल अलग है। वे जल्द से जल्द उन कमियों को भरना चाहते हैं। इसलिए, उन्होंने तमाम मुश्किलों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी को विशेष रूप से आमंत्रित करने का यह पहला कदम उठाया।

### पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान

**लिमासोल।** साइप्रस की धरती से पीएम मोदी ने फिर दुनिया को भारत की बढ़ती ताकत का ऐहसास कराया है। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस 3 से सम्मानित किया।

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

### 48 घंटों में हो सकती है मानसून की एंट्री, नरसिंहपुर और डिंडौरी में बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटों में मानसून एमपी में प्रवेश कर सकता है। नरसिंहपुर और डिंडौरी जिलों में विशेष रूप से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। इसके पहले प्रदेश में आंधी बारिश और भीषण गर्मी का दौर जारी है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल है। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे मौसम में ठंडक आई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश में मानसून के आगमन की प्रक्रिया तेज हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज या कल मानसून की एंट्री हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाई पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाला आरोपी रायपुर से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मंडला।** अमर सिंह का अस्पताल में इलाज जारी है। वारदात के बाद फरार चमन सिंह की पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की मदद से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तारी की। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जिले के घुघरी थाना अंतर्गत दानीटोला गांव में भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी चमन सिंह पंद्रो को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 26 मई 2025 की है। आरोपी चमन सिंह पंद्रो ने किसी पारिवारिक विवाद के चलते अपने सगे भाई अमर सिंह पंद्रो पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। यह हमला उस समय हुआ जब अमर सिंह घर के बाहर कुछ काम कर रहा था। हमले में अमर सिंह को सिर और गले में गंभीर चोटें आई थीं। मौके पर मौजूद परिजनों ने घायल अमर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत अब स्थिर है लेकिन उसे लंबे समय तक निगरानी में रखने की जरूरत है।

### मध्यप्रदेश में कोरोना से चौथी मौत, गर्भवती थी महिला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में कोरोना से इस साल चौथी मौत हो गई है। मंडला जिले के नारायणगंज निवासी महिला की रविवार रात जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में कोरोना से मौत हुई। महिला गर्भवती थी और उसे डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। महाकौशल में कोरोना से यह इस सीजन की पहली मौत है। जबकि दो कोरोना पॉजिटिव मरीज आइसोलेट हैं। नारायणगंज से रेफर होकर आई महिला का सर्दी और खांसी के लक्षण देखकर कोरोना टेस्ट कराया गया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद महिला की सर्जरी की गई, उसने बच्चे को जन्म दिया और उसे मेडिसिन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। देर रात उसकी मौत हो गई। बच्चे को फिलहाल मेडिकल कॉलेज के चाइल्ड वार्ड में भर्ती किया गया है।

### खंडवा में बुर्का पहनकर महिला ने ज्वेलरी चुराई, घटना सीसीटीवी में कैद

**खंडवा।** खंडवा के सराफा बाजार में शनिवार को एक शातिर महिला ने बुर्के की आड़ में एक दुकान से सोने के कान के झाले चुरा लिए। चोरी के बाद वह बुर्का उतारकर सामने से ही निकल गई, जिससे दुकानदार पहचान नहीं पाए। मामला शनिवार का है, जिसका वीडियो सोमवार को सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, 14 जून की दोपहर करीब 3 बजे एक बुर्का पहनी महिला सराफा स्थित सुभाष ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंची। महिला 7 दुकानों में गई, दुकानों पर गहने देखती रही लेकिन दिपनील के दुकान पर उसे कान के झाले चुराने का मौका मिल गया। उसने दुकानदार दिपनील सोनी से सोने के झाले दिखाने को कहा। दुकानदार गहने दिखाता रहा, इसी दौरान महिला ने एक जोड़ी झाले अपने पास रख लिए और बातों-बातों में दुकान से निकल गई। कोतवाली पुलिस ने रविवार को सुभाष ज्वेलर्स के दिपनील पिता सुभाष चंद्र सोनी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ कान के झाले चुराने का केस दर्ज किया है। झाले की कीमत लगभग 30 हजार रुपए हैं।

### सिविल अस्पताल में मरीज के इलाज को लेकर विवाद

**रायसेन।** गैरतगंज के सिविल अस्पताल में मरीज को समय पर इलाज न मिलने को लेकर विवाद हुआ। बीएमओ अर्नेस्ट लाल से मंडल अध्यक्ष संजय जैन और नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश सिंघई पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। बीएमओ ने दोनों जनप्रतिनिधियों के खिलाफ शासकीय काम में बाधा और अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। वहीं, दोनों जनप्रतिनिधियों ने भी डॉक्टर पर अभद्रता और काम में लापरवाही का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने थाने में आवेदन दिया। मामला यहीं नहीं रुका। रविवार देर शाम बीएमओ की कार ने थाने के सामने वरिष्ठ नागरिक शिखरचंद जैन समेत चार लोगों को टक्कर मार दी।

## इंदौर के पार्षद पर लव-जिहाद में फंडिंग का आरोप, फरार

# धर्मांतरण, सेक्स रैकेट में धकेलने 3 लाख दिए, दो आरोपियों ने वीडियो में कबूला

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पर लव-जिहाद और हिंदू युवतियों को देह व्यापार में धकेलने की साजिश रचने का केस दर्ज किया गया है। इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों- साहिल शेख और अल्ताफ को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि पार्षद कादरी ने उन्हें हिंदू लड़कियों से शादी कर धर्म परिवर्तन और देह व्यापार कराने के लिए उकसाया था। इसके लिए बकायदा पैसे दिए थे। पुलिस की टीमें कादरी की तलाश में रेड मार रही हैं।

मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ था, जब दोनों पीड़ित युवतियां हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से मिलीं। उनसे जानकारी लेकर कार्यकर्ताओं ने दोनों आरोपियों को पकड़ा। संगठन के सदस्यों ने दोनों आरोपियों का वीडियो भी जारी किया था। इसमें आरोपियों ने पार्षद अनवर कादरी का नाम लिया था।

**पुलिस ने पार्षद के घर दबिश दी तो भाग गया:** बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार, एक युवती की शिकायत पर मौनी बाबा आश्रम के पीछे रहने वाले साहिल शेख पर लव जिहाद और दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। दूसरी महिला की शिकायत पर नरवल निवासी अल्ताफ अली के खिलाफ भी दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। रविवार को पुलिस ने अनवर को आरोपी बनाया। पुलिस ने उसी रात अनवर कादरी के घर दबिश दी, पर वह भाग गया।

**कादरी ने मोबाइल फोन में फोटो देखकर पैसे दिए थे:** साहिल ने कबूल किया कि उसका रिश्तेदार कादरी के पड़ोस में रहता है। उसी के जरिए मुलाकात हुई। कादरी ने मोबाइल में युवतियों के फोटो देखे और पैसे दिए। पुलिस को यह भी इनपुट मिला है कि कादरी ने अपने क्षेत्र के अन्य युवकों को भी इसी तरह की गतिविधियों के लिए पैसे दिए हैं।



अनवर कादरी, पार्षद

### अल्ताफ को एक लाख, साहिल को दो लाख दिए

अल्ताफ ने बताया कि वह पेंटर है और साहिल कार शोरूम में काम करता है। पार्षद कादरी ने उसे एक लाख और साहिल को दो लाख रुपए नकद दिए थे। शर्त रखी थी कि वे हिंदू लड़कियों से शादी करें और फिर उन्हें देह व्यापार में धकेलें। उन्होंने यह भी बताया कि आधी रकम पहले ही मिल चुकी थी और बाकी रकम काम पूरा होने के बाद दी जानी थी।

### सोशल मीडिया पर खुद को हिंदू बताकर दोस्ती की

टीआई गुर्जर के मुताबिक, पहली युवती ने शिकायत में कहा कि साहिल ने सोशल मीडिया पर खुद को हिंदू बताकर दोस्ती की। फिर शादी का वादा कर दोस्त के घर ले जाकर रेप किया। कुछ दिन बाद दूसरी जगह ले गया और रेप किया। बाद में धर्म बदलने का दबाव डाला और पैसे का लालच दिया।

### मोबाइल गिफ्ट देकर दुष्कर्म किया, फिर धमकाया

दूसरी युवती ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि अल्ताफ ने दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा दिया। उसे एक मोबाइल भी गिफ्ट किया। फिर दुष्कर्म किया। जब परिजन ने उसकी सगाई तय कर दी, तो अल्ताफ ने धमकाया और धर्म बदलने के लिए रुपए देने की पेशकश की।

## आगरा स्टेशन से अपहरण बच्चा ग्वालियर स्टेशन के कैमरे में दिखा

### तलाश में जुटी दो राज्यों की पुलिस



सीसीटीवी वीडियो।

**ग्वालियर ■ निसं**

आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से अपहृत दो साल के बच्चे को एक युवक के साथ ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर देखा गया है। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी और बच्चे के कैद होने के बाद आगरा जीआरपी की टीम ग्वालियर पहुंच गई है। वहीं, ग्वालियर पुलिस भी अलर्ट हो गई है। पुलिस की कई टीमें शहर में तलाश में जुटी हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

बताया गया कि ग्वालियर स्टेशन के बाहर के ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे के वीडियो फुटेज में दो साल के बच्चे को एक हरी शर्ट पहने युवक ले जाता दिख रहा है। जब इस फुटेज का पता किया तो जानकारी मिली है कि इस बच्चे का आगरा के कैंट रेलवे स्टेशन से अपहरण हुआ है। एक व्यक्ति बच्चे को अपहरण कर ले गया है। बताया गया कि अगवा किया गया बच्चा आगरा कैंट स्टेशन के नजदीक की ही बस्ती में रहने वाला है। अपहरणकर्ता की तलाश में आगरा जीआरपी की टीम ग्वालियर पहुंची है। फुटेज मे बच्चे के साथ युवक को ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार से लोको शेड की ओर जाते देखा गया है। इसी सिलसिले में ग्वालियर पुलिस भी बच्चे और उसके अपहरण करने वाले की तलाश में अलर्ट मोड़ पर आ गई है। एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह का कहना है कि आगरा पुलिस से सीधे हमें कोई सूचना नहीं है, लेकिन फिर भी फोटो और बच्चे को लेकर हमारी टीम अलर्ट है। हमारी टीम लगातार बच्चे का पता करने के प्रयास मे जुटी हैं।

## लोधीखेड़ा थाने से भागा तस्कर, रेलवे स्टेशन पर फिर पकड़ा गया, लापरवाही पर SP ने मांगा जवाब

**छिंदवाड़ा ■ निसं**

यह घटना पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के ठीक अगले दिन हुई, जिससे पुलिस की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। 7 घंटे बाद आरोपी को रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर से फिर से गिरफ्तार किया गया। अब उसके खिलाफ फरारी का नया केस भी दर्ज किया गया है। पुलिस थानों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं। पांढुर्णा जिले के लोधीखेड़ा थाने से शनिवार की सुबह एक मादक पदार्थ तस्कर फरार हो गया। सबसे चौंकाने वाली बात ये कि यह घटना उस दिन हुई जब पुलिस अधीक्षक रात को ही थाने का निरीक्षण कर लौटे थे।

**घबराहट का बहाना बनाकर दिया चकमा:** थाने में बंद 38 वर्षीय सुनील भारती, जिसे पुलिस ने 1.3 किलो गांजा के साथ पकड़ा था, उसने सुबह पांच बजे घबराहट की शिकायत की। आरक्षक कल्याण सिंह ने उसे बाहर निकाला और मेज से बांध दिया, लेकिन इसी दौरान हल्की झपकी में आरोपी पीछे के दरवाजे से भाग खड़ा हुआ।



**रेलवे स्टेशन के पास मिला, नया केस दर्ज:** करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने सुनील को रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर से फिर से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ अब धारा 262 बीएनएस के तहत फरारी का नया प्रकरण भी दर्ज कर लिया गया है।

**एसपी ने मांगा जवाब, जांच शुरू:** एसपी सुंदर सिंह कनेश ने इस गंभीर लापरवाही को लेकर लोधीखेड़ा थाना प्रभारी और ड्यूटी स्टाफ से जवाब तलब किया है। एसडीओपी को जांच सौंपी गई है, हालांकि अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं की गई है।

## सीधी में बड़े ने दांत से चबाकर काट दिया छोटे भाई का गुप्तांग, हालत गंभीर

**सीधी ■ निसं**

मोबाइल फोन देखने को लेकर शुरू हुआ घरेलू विवाद उस समय हैवानियत में बदल गया, जब एक बड़े भाई ने अपने छोटे भाई का गुप्तांग ही काट दिया। यह सनसनीखेज मामला सीधी जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत ग्राम चिलरी से सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है।

घटना रविवार की शाम करीब 6 बजे की है, जब श्यामलाल साहू (38 वर्ष) अपने घर लौटा। उसने देखा कि उसके बड़ा भाई छठीलाल साहू (45 वर्ष) का बेटा चारपाई में लेटा मोबाइल फोन देख रहा है। इस पर श्यामलाल ने बच्चे को डांटते हुए एक थप्पड़ मार दिया और कहा कि दिनभर मोबाइल देखने से उसका भविष्य खराब होगा।




बस यही बात बड़े भाई छठीलाल को नागवार गुज़री और उसने पहले एक मिट्टी का ढेला उठाकर श्यामलाल के सिर पर दे मारा। श्यामलाल जैसे ही नीचे गिरा, तभी आरोपी ने अचानक अमानवीय हरकत करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को दांतों से काटना शुरू कर दिया। श्यामलाल की चीख-पुकार सुनकर पत्नी रीतू साहू मौके पर पहुंची और मदद की गुहार लगाई। ग्रामीणों के बीच-बचाव से आरोपी को किसी तरह रोका गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि श्यामलाल का गुप्तांग लगभग पूरी तरह से कट चुका है। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल चौकी प्रभारी आरपी मांझी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## जनसंवाद में पहुंचे पिता की गुहार पर भावुक हुए शिवराज, मंच से ही बेटे के इलाज के दिए निर्देश

**सीहोर ■ निसं**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधनी में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लगभग 700 करोड़ की लागत से बन रहे इस मेडिकल कॉलेज में 750 बिस्तरों वाला सर्व सुविधायुक्त अस्पताल भी शामिल है। बुधनी विधानसभा के ग्राम तालपुरा में उस समय मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब रविवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जनसंवाद कार्यक्रम में जनता से सीधे संवाद कर रहे थे। इसी दौरान एक गरीब और लाचार एक पिता बड़ी उम्मीद लिए शिवराज मामा के पास पहुंचा और रोते हुए बताया कि एक हादसे में उसके छोटे बेटे का हाथ कट गया है, जो भोपाल के एम्स में भर्ती है, लेकिन गरीबी के चलते वह इलाज नहीं करा पा रहा है। इस मार्मिक क्षण में शिवराज सिंह चौहान ने पल भर भी देरी नहीं की, वहीं मंच से ही उन्होंने सीधे एम्स अस्पताल प्रबंधन को फोन किया और कहा इस बच्चे का इलाज बिना देरी और बिना रुकावट के होना चाहिए।



### मामा की छवि कोई जुमला नहीं

शिवराज सिंह चौहान की राजनीति में 'मामा' की छवि कोई चुनावी जुमला नहीं, बल्कि जनता के प्रति उनकी लगातार दिखती संवेदनशीलता का प्रतीक बन गई है। बच्चों की पढ़ाई हो, बेटियों की शादी, किसानों की फसल या फिर किसी गरीब की बीमारी। उन्होंने कई बार इस बात को साबित किया है। रविवार को भी जनसंवाद के दौरान बुधनी तहसील के ग्राम तालपुरा में इसी प्रकार का दृश्य देखने को मिला। वे सिर्फ भाषण देने वाले नहीं, बल्कि ज़मीन पर काम करने वाले जननेता हैं। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर भी लोग शिवराज सिंह की सराहना कर रहे हैं। कई यूज़र्स ने लिखा 'ऐसे नेताओं की जरूरत है जो पीड़ित की आंखें पढ़कर मदद कर सकें। तालपुरा गांव में भी लोग कहने लगे नेता तो बहुत देखे, लेकिन 'मामा' जैसा कोई नहीं।

## राजा और सोनम की एक और तस्वीर आई सामने, सीढ़ियां चढ़ते समय पर्यटक ने बनाई थी



**इंदौर ■ निसं**

22 मई की शाम को सोनम डबलडेकर रुट पर राजा को मारने में नाकाम रही थी। इसके बाद सोनम और राजा ने सुबह छह बजे शिपारा होम स्टे से चेक आउट कर दिया था और तीन हजार सीढ़ियां चढ़ते हुए बंद पार्किंग यार्ट तक पहुंचे थे।

शिलांग में जब नोंग्रियाट गांव की खाई में राजा और सोनम गए थे। तब वे अपने साथ कोई लगेज नहीं ले गए थे, लेकिन लौटते समय राजा के पास एक छोटा बेग था, जबकि सोनम एक पॉलिथीन में कुछ सामान रखकर सीढ़ियां चढ़ रही थी। उसने भी एक छोटा सा बैग कंधे पर टांग रखा था। इसका खुलासा एक पर्यटक द्वारा लिए गए वीडियो में हुआ। पर्यटक जाते हुए वीडियो बना रहा था और उसमें राजा व सोनम भी कैद हो गए थे। सोनम ने वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को भी घूरते हुए देखा था। अब उस वीडियो की तस्वीर वायरल हो रही है।

22 मई की शाम को सोनम डबलडेकर रूट पर राजा को मारने में नाकाम रही थी। इसके बाद सोनम और राजा ने सुबह छह बजे शिपारा होम स्टे से चेक आउट कर दिया था और तीन हजार सीढ़ियां चढ़ते हुए बंद पार्किंग यार्ट तक पहुंचे थे। लौटते समय राजा और सोनम एक पर्यटक के मोबाइल के वीडियो में कैद हो गए। पर्यटक देवेंद्र सिंह यूट्यूबर है। उनके मोबाइल में 23 मई की सुबह साढ़े 9 बजे से 10 बजे के बीच राजा और सोनम कैद हुए।

## शहडोल में जल निगम परियोजना प्रबंधक के साथ मारपीट

### गहरे पानी में नहाने से रोका तो युवकों ने पीटा



**शहडोल ■ निसं**

गोहपारू थाना क्षेत्र के सोनटोला में जल निगम के परियोजना प्रबंधक रोहित मिश्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। शनिवार दोपहर जल निगम डैम का निरीक्षण करने गए प्रबंधक ने देखा कि कुछ युवक सोन नदी में गहरे पानी में नहा रहे थे, जोकि डूब क्षेत्र में आता है। जब उन्होंने युवकों को इस खतरनाक स्थिति के बारे में समझाया, तो वे गाली-गलौज पर उतर आए और उन पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान मो. जुबैद और मो. वाहिद ने प्रबंधक के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि प्रबंधक ने गोहपारू थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

रोहित मिश्रा ने इस घटना के संबंध में कहा कि हम बारिश के मौसम में इस क्षेत्र का निरीक्षण करने आए थे, क्योंकि हमें लगातार शिकायत मिल रही थी कि लोग गहरे पानी में नहा रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। यह क्षेत्र प्रतिबंधित है और यहां का जलस्तर काफी गहरा है। यहां सैकड़ों की तादाद में लोग नहा रहे थे, उसमें महिलाएं बच्चे भी शामिल थीं। जब हमने लोगों को समझाने की कोशिश की तो उन्होंने हम पर हमला कर दिया।

## 230 किलो मोगरे के फूलों से सजा बाबा महाकाल का आंगन, पूरे मंदिर परिसर में महकी खुशबू

**उज्जैन ■ निसं**

महाकालेश्वर मंदिर का आज 230 किलो मोगरे के फूलों से श्रृंगार करवाया गया। मंदिर में की गई मोगरे की आकर्षक सजावट को देखकर यहां पहुंचे श्रद्धालु बेहद खुश नजर आए और यह समझ नहीं पाए कि आखिर आज ऐसा कौन सा विशेष पर्व है, जब बाबा महाकाल का दरबार मोगरे की महक से सुगंधित हो रहा है।

**मोगरे से हुआ श्रृंगार:** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में रोजाना लाखों श्रद्धालुओं आते हैं। कई भक्त भगवान महाकाल से मनोकामना मांगते हैं। आज भी जयपुर से आए शेखर अग्रवाल द्वारा महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह से लेकर नंदी मंडपम तक मोगरे के फूलों से आकर्षक सजावट की गई। श्रद्धालु शेखर अग्रवाल ने बताया कि वह बाबा महाकाल का दरबार पिछलक़े 13 साल से ऐसे ही सजाते हुए आ रहे हैं। यह उनका 13वां साल है। आज बाबा महाकाल का मनमोहक श्रृंगार किया गया।




## इंदौर में इंजीनियरिंग स्टूडेंट ने किया सुसाइड

# मानसिक तनाव से जूझ रहा था, दो महीने से चल रहा था इलाज

**इंदौर ■ निसं**

इंदौर के चंदन नगर इलाके में रहने वाले इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे 20 वर्षीय छात्र वासुदेव शर्मा ने सोमवार अलसुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र बीते दो महीने से डिप्रेशन से जूझ रहा था और उसका मानसिक उपचार भी चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। न ही यह स्पष्ट हो पाया है कि आखिरी बार वासुदेव ने किससे बात की थी। मोबाइल की जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।



पुलिस के अनुसार, राज नगर निवासी वासुदेव, मुरलीधर शर्मा का छोटा बेटा था और वह चमेली देवी कॉलेज से इंजीनियरिंग कर रहा था। इस साल वह थर्ड ईयर में गया था। सोमवार सुबह जब मां उठीं तो उन्होंने वासुदेव को कमरे में फंदे पर लटका पाया। आनन-फानन में परिवार उसे क्लॉथ मार्केट स्थित डॉक्टर के पास ले गया, जहां से डॉक्टर ने उसे एमवाय अस्पताल भेज दिया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**बड़े भाई के साथ सोता था वासुदेव:** परिजनों ने बताया कि वासुदेव बीते कुछ समय से तनाव में था। वह ठीक से खाना-पीना नहीं ले रहा था और उसे भूलने की आदत भी हो गई थी। पिता मुरलीधर मनोचिकित्सक से उसका उपचार करवा रहे थे। बड़े भाई गणेश ने बताया कि वासुदेव रात में उनके साथ ही कमरे में सोता था, लेकिन रविवार रात वह हॉल में जाकर सो गया था। इसी दौरान यह घटना हो गई। गणेश भी इंजीनियर है और उसे सिरपुर के पास निजी कंपनी में नौकरी मिली है। सोमवार को उसे ज्वाइन करना था।

### निजी कंपनी में नौकरी करने वाली रजनी ने किया सुसाइड

आजाद नगर में रहने वाली रजनी (23) पुत्री दिलीप शेरवानी निवासी मूसाखेड़ी ने फांसी लगाकर रविवार को सुसाइड कर लिया। परिवार ने बताया कि वह घर पर मोबाइल चला रही थी। कुछ देर बाद मां ने कमरे में आकर देखा तो बेटी फंदे पर लटकी थी। रजनी निजी कंपनी में नौकरी करती थी। वहीं पिता हलवाई का काम करते हैं। परिवार में दो बहनें और एक भाई है। पुलिस के मुताबिक किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में मर्ग कायम किया है।



भोपाल। आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्कूल खुलने पर न्यू मार्केट स्थित संदीपनी कमला नेहरू स्कूल में छात्राओं के स्कूल आने पर प्राचार्य द्वारा उनका तिलक लगाकर स्वागत किया।

# बस चालकों की हड़ताल से 12 रूटों पर सेवाएं प्रभावित, हजारों यात्री परेशान

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के बस चालक और परिचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के कारण शहर के कुछ रूटों पर लो-फ्लोर बसें नहीं चल रही हैं। हड़ताल बागसेवनिया डिपो में विरोध प्रदर्शन के साथ शुरू हुई, जहां चालकों और परिचालकों ने बीसीएलएल और बस ऑपरेटर के खिलाफ नारेबाजी की। इस हड़ताल से यात्रियों को परेशानी हो रही है क्योंकि कुछ मार्गों पर बसें नहीं चल रही हैं। वेतन और ग्रेजुएटी फंड पीएफ नहीं मिलने पर बस चालक और परिचालक हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल के कारण 12 रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित हुई हैं।



### हड़ताल के कारण

- वेतन और जीएफ नहीं मिलने से चालक और परिचालक नाराज हैं।
- चालकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे हड़ताल पर रहेंगे।

### हड़ताल के प्रभाव:

- छह रूटों पर बस सेवाएं प्रभावित हुई हैं।
- हजारों यात्री अपनी दैनिक यात्रा के लिए परेशान हो रहे हैं।

# नप अध्यक्ष और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की पिटाई

### विरोध में लोगों ने घेरा थाने

भोपाल ■ अमृत दर्शन

सत्ता के मद में चूर बीजेपी के दो नेताओं की दबंगई सामने आई है। नेताओं ने न सिर्फ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के साथ गाली गलौच की बल्कि जमकर पिटाई भी कर दी। नेताओं के दबाव में पुलिस ने उसे थाने में बिठा लिया। पुलिस कार्रवाई के विरोध और डॉ के समर्थन में लोगों ने थाने का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। समाचार के लिखे जाने तक लोग थाने के सामने डटे थे।

दरअसल मामला गैरतगंज का है जहां नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई और भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जैन ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की जमकर पिटाई कर दी। मामले में बीएमओ अनिस्ट लाल ने गैरतगंज थाने में मामला दर्ज कराया है।

बताया जाता है कि गैरतगंज सिविल अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं होने पर बीजेपी के दोनों नेताओं ने बीएमओ को कई बार फोन किया था। फोन नहीं उठाने को लेकर दोनों नेताओं और बीएमओ के बीच में तू-तू मैं-मैं हुई थी।

### बीएमओ को थाने के अंदर बिठा लिया

मामला दर्ज कराकर थाने से बाहर निकले तो बीएमओ की गाड़ी ने एक अन्य गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने वाली गाड़ी में बैठे लोगों ने बीएमओ की पिटाई कर दी। गैरतगंज पुलिस ने बीएमओ को थाने के अंदर बिठा लिया। घटना की जानकारी लगते ही सैकड़ों की संख्या में आम जनता ने गैरतगंज थाने का घेराव कर दिया। थाना घेराव की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।

### कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

# तलवार और डंडों से लैस बदमाशों ने कार में की तोड़फोड़

भोपाल ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार पर विदिशा के गंजबासौदा पर जानलेवा हमला हुआ है। कांग्रेस नेता ने एक वीडियो जारी कर कहा कि तलवार और हथियारों से लैस 40 से 50 बदमाशों ने उनकी कार पर अचानक हमला कर दिया। इस दौरान उनकी गाड़ी के आगे और पीछे का कांच पूरी तरह से चकनाचूर हो गया। हालांकि अच्छी बात यह रही कि प्रदीप अहिरवार को इस घटना में को चोट नहीं आई है। वहीं शिकायत के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

.कांग्रेस नेता ने बताया कि वे रविवार को बासौदा होते हुए ग्यारसपुर जा रहे थे, तभी दहला गाँव के पास अचानक उन पर हमला कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मौके पर 50 हमलावर थे, जिनके हाथों में लठ और तलवार थी। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने गाड़ी का कांच खोला और अपना परिचय दिया, तो आरोपियों ने उन पर अटैक कर दिया। अहिरवार ने बताया कि हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर तलवार और लठ मारकर उसके कांच को चकनाचूर कर दिया। जिसके बाद वे पुलिस थाना गंजबासौदा पहुंचे और मामले की शिकायत की। साथ ही सरकार और जिले के एसपी को चेतावनी देते हुए कहा कि 2 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे थाने के सामने ही धरने पर बैठ जाएंगे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है।

## आतंकियों के लिए फंड जुटाता था मोहसिन

**गिरफ्तारी के बाद भोपाल और राजस्थान में छापामार कार्रवाई, थाईलैंड से भारत लाई थी जांच एजेंसी**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में एनआईए(राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की कार्रवाई के बाद बड़ा खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आतंकी मोहसिन आतंकियों के लिए फंड जुटाता था। मोहसिन की गिरफ्तारी के बाद भोपाल और राजस्थान में छापामार कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान डिजिटल डिवाइस, संदिग्ध दस्तावेज, धार्मिक साहित्य जब्त किए गए है। मोहसिन को एनआईए ने 16 जून तक रिमांड पर लिया है।

दरअसल अशोका गार्डन में रहकर मोहसिन से जुड़े लोगों से संपर्क बनाए हुआ था। मोहसिन संगठन के लिए फंडिंग व्यवस्था करता था। भोपाल जेल में बंद आरोपियों में से कुछ के परिजनों से संपर्क करता था। ऐशबाग का अकरम एनआईए की रडार पर है। एनआईए ने मोहसिन के बैंक खातों की जांच कई संदिग्ध ट्रांजेक्शन पकड़े है। बीते शुक्रवार एनआईए और एटीएस ने भोपाल के तीन जगह संयुक्त कार्रवाई की थी। जांच एजेंसी मोहसिन को थाईलैंड से रिपोर्ट करके भारत लाई थी।

# भोपाल में 26 साल की युवती से रेप

भोपाल ■ अमृत दर्शन

**फेसबुक फ्रेंड ने शादी का झांसा देकर बनाए संबंध; केस दर्ज**

**भोपाल।** भोपाल में एक 26 वर्षीय युवती ने अपने फेसबुक फ्रेंड पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और दैहिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपी युवक पहले युवती से संबंध बनाता रहा, फिर किसी और से शादी कर ली। बाद में तलाक देने का झूठा भरोसा देकर दोबारा संबंध बनाए और अब शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, शाहजहांनाबाद क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता की पहचान साल 2019 में फेसबुक पर सुमित से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ी और मुलाकातें शुरू हो गईं। सुमित ने युवती से शादी का वादा कर 2022 से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया।

कुछ समय बाद युवती को पता चला कि सुमित ने किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली है। यह जानकर उसे सदमा लगा और उसने आरोपी से मिलना-जुलना बंद कर दिया। लेकिन आरोपी ने फिर उसे भरोसे में लेते हुए कहा कि वह पत्नी को तलाक देकर उससे शादी कर लेगा। इस भरोसे पर युवती ने दोबारा रिश्ता कायम कर लिया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया, तो सुमित ने साफ इनकार कर दिया। तब जाकर युवती ने कोहेफिजा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।



**उज्जैन।** फिल्म अभिनेता, भाजपा सांसद रवि किशन सोमवार को विश्व प्रसिद्ध मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा का दर्शन-पूजन किया। रवि किशन भस्म आरती में भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन किए और मंदिर परिसर में विकसित महाकाल कॉरिडोर की जमकर तारीफ की।




प्रकाशक ,मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा सुख सागर,6 पत्रकार नगर, कोलार रोड, भोपाल से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच. इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023 (म.प्र.) से मुद्रित। फोनः 4240007 फैक्स 0755-4296195 , आर.एन.आई नं. 50259/90 डाक पंजीयन नं. म.प्र./भोपाल/86/24-26 न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। प्रधान संपादकः डी.पी.गोयल। मोबाईल नं. 9827054436 ।